तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 21 मई 2025

11 दीक्षार्थी बहनें नेहा और साक्षी ने ली आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की शपथ



12 सिंगल यूज़ प्लास्टिक से निजात पाने कोड़िया में ...





## खबर संक्षेप

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव



**डौंडीलोहारा।** अपने मामा के यहां आए डेंगरापार निवासी रविशंकर ठाकुर ने आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रविशंकर ठाकुर पिता उतराम ठाकुर उम्र 23 वर्ष ग्राम डेंगरापार थाना सुरेगांव जिला बालोद का निवासी है, जो कि दिल्ली में काम करता था,वह संजयनगर डौंडीलोहारा निवासी अपने मामा बरातू राम के यहां आया हुआ था,वह सोमवार को रात्रि 10 बजे घर से यह कहकर घर से निकला था कि मेरा मोबाइल गुम हो गया है, खोजने जा रहा हूं, लेकिन वह रात में घर नहीं पहुंचा, मंगलवार को सुबह लोगों ने बाजार के मछरीपसरा में स्थित बरगद पेड़ पर उसकी लटकती देखी। पुलिस को सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया व लाश को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### अवैध शराब कारोबार पर ग्राम पंचायत ने कसी नकेल

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटेरी (अचौद) मे कुछ दिनों से अवैध शराब बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था। जिससे गांव का वातावरण एवं माहौल खराब हो रहा था। ग्रामीण जनों ने बताया कि शिकायत करने के बावजूद पुलिस इन अवैध कारोबारियों पर उचित कार्यवाही नही करते यह सब देखते हुए गांव मे शांति बनाए रखने के लिए यहां के सरपंच, पंच एवं ग्रामीण जन प्रतिनिधियों ने ठोस कदम उठाते हुए गांव मे अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण रोक लगाने के लिए इन अवैध शराब बेचने व अवैध शराब खरीदने वालों पर अर्थदण्ड एवं कानूनी कार्रवाई करने की घोषणा किया गया है, साथ ही यहां के दुकानदारों को खुला पानी डिस्पोजल बेचने पर रोक लगा दिया गया है।

### जैनश्री संघ बालोद और उदयाचल ट्रस्ट की साझी पहल से 14 लोगों की आंखों को मिली रोशनी

**बालोद।** मानव सेवा ही माधव सेवा को चरितार्थ करते हुए जैनश्री संघ बालोद द्वारा 28 अप्रैल को उदयाचल चौरिटेबल ट्रस्ट राजनांदगांव के सहयोग से एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में 40 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए थे। इनमें से 14 लोगों का उदयाचल राजनांदगांव के सहयोग से निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। उनके आने जाने से लेकर सम्पूर्ण खर्च जैन श्री संघ द्वारा उठाया गया। सभी मरीजों का ऑपरेशन सफल रहा। संस्था के अध्यक्ष ताराचंद सांखला एवं सचिव मांगीलाल ढ़ेलडिया ने बताया कि क्षेत्र में आंखों के मरीजों की बढ़ती संख्या एवं बेहतर इलाज के अभाव को देखते हुए समय–समय पर नेत्र जांच शिविर लगाकर निःशुल्क ऑपरेशन एवं चश्मा का वितरण किया जाएगा। जिन मरीजो का ऑपरेशन किया गया उनमे हरिराम सोनकर नेवारी, गोकुल राम खैरताराई, मीराबाई शिकारीपारा बालोद, काशीराम आमा तालाब बालोद, कमलेश जवाहर पारा बालोद, रायमती जवाहर पारा बालोद, सुरेश कुमार डौंडी लोहारा, गोगी बाई बुधवारी बाजार बालोद, घनश्याम दास सांकरा, सावित्री साहू पलारी, मोरध्वज गुप्ता आमापारा बालोद, सुभद्रा दुबचेरा बालोद सम्मिलित है। सभी मरीजो ने संस्था के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है।

### ताला तोड़कर 2 लाख रुपए के जेवरात पार

**भिलाई।** तीन अलग-अलग मकानों का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# खारा पानी पीकर हर साल ग्रामीण पड़ रहे बीमार, दाल भी नहीं गलती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- जिले का आखिरी गांव होने का दंश झेल रहा है ग्राम खुर्सीपार

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत गोड़ेला का आश्रित ग्राम खुर्सीपार जिले के आखिरी गांव होने का दंश आज भी झेल रहा है।

जिम्मेदार अधिकारियों के नहीं आने के कारण विकास से कोसों दूर है। जिला पंचायत सदस्य गुलशन चन्द्राकर ने कलेक्टर से भेंट कर ज्ञापन सौंपा व ग्राम की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया है कि आज भी ग्रामीण खारा पानी पीने मजबूर है। खारे पानी के कारण आज भी दाल नहीं गलती है। पेट दर्द सहित पीलिया, उल्टी, दस्त बीते तीन वर्ष से गर्मी में हो रही है। सप्ताहभर 50 ग्रामीणों को उल्टी दस्त के कारण गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर इलाज कर रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व में एक ग्रामीण की मौत चुकी है, बावजूद समस्या जस की तस बनी है। गांव की गलियों में नाली नहीं बनने से लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है। वही गंदा पानी बहकर निस्तारी तालाब में जाता है।

### ग्रामीणों को सुविधाएं दी जाएं : चंद्राकर

क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने कहा कि समय रहते प्रशासन ग्रामीणों की सुध लेकर गांव में सड़क, नाली, नल जल सहित सुविधा अन्य दें। समस्याओं से जल्द से जल्द निजात दिलाएं।

### समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन



### करोड़ों की टंकी को पाइप लाइन से जोड़ें

ग्रामीणों ने बताया कि खुरसुनी नल जल में सात गांव मोहदीपाठ, खुरसुनी, देवरी द, बहम्णी, चीरचार, देवसरा को पानी सप्लाई हो रही है। गोड़ेला पंचायत के खुर्सीपार को नल जल पाइप विस्तार कर करोड़ों रुपये से बनी पानी टंकी से जोड़े तो ग्रामीणों को राहत व सुविधा मिले।

## मौसम : ट्रांसफार्मर व पेड़ गिरे, कई मार्गों पर आवागमन बाधित

# तेज आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त फसल को भारी नुकसान की आशंका



हरिभूमि न्यूज:बालोद

जिले में मंगलवार को मौसम ने करवट लेते हुए दोपहर होते ही तेज बारिश मे बदल गई। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त व प्रभावित हो गया। जहां जिले के कई क्षेत्रे मे तेज आंधी के साथ हुई बारिश के कारण पेड़ गिरने व बिजली पोल के साथ ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आया। जन हानि के समाचार नही है। गर्मी के मौसम मे जहां सुबह तेज धूप के कारण लोग परेशान रहते है तो वही दोपहर होते ही कुछ दिनो से मौसम करवट लेते हुए तेज आंधी तुफान के साथ बारिश हो रही है, जिसके कारण लोगो के जन जीवन के साथ फसल पर प्रभाव पड़ते नजर आ रहा है।

जहां मंगलवार को हुई बारिश के कारण जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बघमरा, मेढ़की, ओरमा व नेवारीकला के बीच कई पेड़ तेज आंधी व बारिश के कारण रास्ते मे गिर गए, जिसके कारण कई घंटे आवागमन बाधित रहा, जिससे राहगीरों को अन्य मार्ग से आना जाना करना ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बारिश बनी मुसीबत

वर्तमान मे क्षेत्र मे किसानो द्वारा धान के फसल की कटाई की जा रही है, ऐसे मे लगातार हो रही बारिश किसानो के लिए मुसीबत बनकर बरस रही है और वर्तमान मे तेज बारिश होने के कारण धान के पके खेत मे पानी भरने के कारण फसल खराब होने का डर किसानो मे बना हुआ है, वही बारिश होने के कारण खेत गीले होने के कारण हार्वेस्टर मशीन से फसल कटाई मे किसानो को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से किसानो को धान को सुखाने मे भी परेशानी हो रही है।

### कुसुमकसा में बिजली संकट गहराया ग्रामीण गर्मी और प्यास से बेहाल

- गर्मी में बिजली की मार, खेत-खलिहान सूखने की कगार पर

**कुसुमकसा।** गर्मी का मौसम चालू होते ही ग्रामीण अंचलों में विद्युत व्यवस्था चरमरा सी गई है ,ग्रामीण विद्युत कितने समय तक चालू रहती है उसको याद करते है किंतु विद्युत लाइन की कटौती होने का समय इतना ज्यादा है की ग्रामीण 24 घंटे में कितने समय लाइट चालू रहता है उसकी जानकारी दे रहे है वही लो वोल्टेज के चलते पंखा ,कूलर फ्रीज नही चल पा रहे है वही ग्रामीण अंचलों में अघोषित बिजली कटौती के कारण मोटर चालू ना होने से पेयजल के पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है ,विद्युत व्यवस्था हल्की सी ▶▶| शेष पेज 10 पर

### प्रशासन से की समुचित व्यवस्था की मांग

समीपस्थ ग्राम भर्रीटोला 43, रजही,ककरैल, देवपांडुम,जुनवानी के ग्रामीण अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है,,घरों में पंखा ,कूलर ना चलने से गर्मी से झुलसना पड़ रहा है ,छोटे छोटे बच्चो का गर्मी से बुरा हाल है और वे मौसमी बीमारी के चपेट में आ रहे है ,खेतो व बाड़ियों में लगाई गई सब्जी की फसल भी विद्युत लाइन बंद होने से पानी नहीं मिलने से खराब होने लगी है ,ग्रामीणों ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्युत लाइन की समुचित व्यवस्था करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

# निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन 25 मई को, सीएम साय भी करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- ग्रामीणों में इस आयोजन को लेकर है गजब का उत्साह

छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज जिला - बालोद वार्षिक अधिवेशन अखिल ब्रह्माण्ड नायक आनंदकंद भगवान श्री रामचंद्र जी की असीम कृपा से ग्राम-भिलाई अर्जुन्दा ( गुण्डरदेही) में 25 मई को जिला निषाद ( केवट) समाज वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन को लेकर समाज सहित ग्रामीण जनों में बड़ा उत्साह है बात करें की इस ग्राम में छतीसगढ़ बनने के बाद पहेली बार 25 वर्ष बाद कोई मुख्यमंत्री ग्राम भिलाई अर्जुन्दा में आ रहा है जिससे की ग्राम के वासियों को एक बड़ी सौगात मिल सकती है। इस आयोजन में दोपहर 3 बजे से मुख्य अतिथियों का आगमन एवं उद्बोधन होगा। साथ ही केंद्रीय मंत्री रामभूषण चौधरी, प्रांताध्यक्ष निषाद समाज एवं विधायक कुंवर सिंह निषाद, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भोजराज नाग सांसद कांकेर लोकसभा , विशिष्ट अतिथि : विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर भी उपस्थित रहेंगे।

**ये रहेंगे उपस्थित :** अपिव आयोग अध्यक्ष नेहरु राम निषाद, बाबा मार्तण्ड अध्यक्ष, राष्ट्रीय समन्वय समिति, नीरज कश्यप युवा अध्यक्ष, राष्ट्रीय समन्वय समिति, राजाराम कश्यप संयोजक, राष्ट्रीय समन्वय समिति, पूर्व अध्यक्ष, एमआर निषाद मछुआ कल्याण बोर्ड, चेतन देशमुख अध्यक्ष, जिला भाजपा संगठन बालोद, तारणि पुष्पेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, गुलशन चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही, नेम चुम्मन साहू जनपद सदस्य, परस निषाद सरपंच ग्राम पंचायत भिलाई, राजेन्द्र कुमार निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष तोरण पारकर एवं समस्त जिला पदाधिकारीगण समस्त परिक्षेत्र अध्यक्षगण निषाद समाज सदस्य गण उपस्थित रहेंगे।

# नारागांव में घुसा भालू लोगों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सीसीटीवी में कैद हुई रात की तस्वीरें

गुरुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम नारागांव के रिहायसी क्षेत्र मे एक भालू के दिखाई दिया है। बताया जा रहा है कि यह भालू भोजन और पानी की तलाश में जंगल से भटककर गांव की गलियों में पहुंच गया। पिछले कई हफ्तो से ग्राम के आस पास भ्रमण कर रहा यह भालू बीती रात ग्राम मे लगे एक सीसीटीवी मे कैद हुआ। रोज की तरह बीती रात भी यह भालू गांव की गलियों में घूमता नजर आया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई हैं। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि भालू देर रात गांव के बीचोबीच सड़क पर बेधड़क घूम रहा है।



इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों ने रात्रि में बाहर निकलना बंद कर दिया है और बच्चों को अकेले बाहर भेजने से भी परहेज कर रहे हैं। वन विभाग ने गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को सावधान किया है। विभाग की टीम ने भालू की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी है और ग्रामीणों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी अप्रिय स्थिति की ▶▶| शेष पेज 10 पर

## चेक बाउंस मामला

# लाटाबोड़ व्यापारी को न्याय आरोपी को कारावास और राशि लौटाने का आदेश

- 2.24 लाख की धोखाधड़ी में आरोपी को 6 माह की सजा

**लाटाबोड़।** संतोषी बीज भंडार से आरोपी अपने कृषि कार्य हेतु दवाई, बीज का लेन देन 2008 से करता था, व्यापारिक संबंध मधुर होने का फायदा उठाते हुए अपने कृषि मजदूरों के मजदूरी का भुगतान करने के लिए नगद उधारी मांग कर ले जाता था, उनके लेने देन का अंतिम हिसाब वर्ष 2021 में करने पर 2,24,553 लेना बाकी था। उक्त उधर की रकम की मांग करने पर आरोपी ने धोखा देने के आशय से बैंक का चेक भुगतान स्वरूप दिया जो अनादृत हो जाने पर, संतोषी बीज भंडार के प्रोपराइटर वैभव टॉवरी के द्वार अपने अधिवक्ता भेष कुमार साहू के माध्यम से सीजेएम कोर्ट में परिवाद पेश कर, आरोपी को कड़ी से कड़ी दंड कि मांग किया था, जिस पर विद्वान न्यायाधीश संजय सोनी के द्वारा आरोपी को 6 माह का कारावास और चेक में उल्लेखित राशि से दंडित करने का निर्णय पारित किया है उक्त निर्णय से व्यापारी वर्ग ने न्याय की जीत बताते हुए इस दंड से चेक के दुरपयोग कम होने की उम्मीद जताई।

# गौरैया धाम के पास पेड़ों की अवैध कटाई ट्रैक्टर में भरकर लकड़ी ले उड़े तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

- जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार और सरपंच प्रतिनिधि

गुण्डरदेही तहसील के सिकोसा से लगे गांव पैरी में सरकारी जमीन से लकड़ी की कटाई कर तस्करी करने का मामला सामने है। मामले की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार और सरपंच प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे।

दरअसल पैरी गांव के धार्मिक स्थल गौरैया धाम के पास लगातार तीन दिनों से घास जमीन में लकड़ी कटाई की सूचना मिल रही थी, जिसमें बबुल सहित अन्य प्रजाति के पेड़ को काटा जा रहा था, लगभग 14 पेड़ों की कटाई पूरी भी हो चुकी है। मामले की सूचना राजस्व विभाग को दी। जानकारी मिलते ही जांच करने के लिए गुण्डरदेही के नायब तहसीलदार अलका साहू मौके पर पहुंचे। वहीं दूसरी तरफ पैरी सरपंच पति रूपम देशमुख, पंच, कोटवार, पटवारी भी मौके पर पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार पैरी स्थित घास जमीन खसरा नंबर 63, 64 और 65 में लगातार तीन दिनों से अवैध रूप से लकड़ी की कटाई की जा रही है। जहां काटे गए लकड़ियों को तीन ट्रैक्टर की ट्रॉली में भरकर तस्कर वहां से रफूचक्कर हो गए हैं। वहां मौजूद लकड़ी काटने वाले लोगों ने बताया कि गुरुर ब्लाक के कोसागोंदी निवासी डोमेंद्र निर्मलकर (भोलू) ने ही ▶▶| शेष पेज 10 पर



## मिर्रीटोला में घास भूमि बेचे जाने पर उठे सवाल, अतिक्रमण पर प्रशासन को गंभीर कदम उठाने की मांग

# भाजपा नेताओं के कड़े रुख से प्रशासन को बदलनी पड़ी अपनी कार्यशैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

समाधान शिविर में भाजपा नेताओं के तीखे तेवर से प्रशासन को अपनी कार्यली बदलनी पड़ी और मंच मे पुनः आकर सरकार की योजनाओं की जानकारी देनी पड़ी।

सोमवार को कोचवाही शिविर में जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू ने कहा अधिकारी आवेदनों का सटीक समाधान करें। जहां आवश्यकता हो पात्र हितग्राही को लाभान्वित करने अधुरी प्रक्रिया को पूरा कर जरूरतमंदों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाए। प्रक्रिया पूरी नहीं है कहकर पला न झाड़े। जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने एक बार फिर अतिक्रमण का विषय उठाया। सुनीता साहू ने ग्राम पंचायत मिर्रीटोला में घास भूमि को बेचने का मामला उठाते हुए कहा शासन प्रशासन द्वारा सहयोग नही करने के कारण पंचायत मजबूर हो जाती है और अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही नही कर पाती।





जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने ग्राम पेटेचुवा उर्फ कंकालिन के पवन कुमार का मामला उठाते हुए कहा पवन कुमार ने 1050 क्विंटल गन्ना चार माह पूर्व बेचा था, उसका भुगतान आज तक नहीं हुआ। उसे तत्काल भुगतान किया जाए। दुर्गानंद साहू ने एक बार फिर अधिकारियों को टोका एवं अधिकारियों से कहा आवेदनों के निराकरण के साथ सरकार की योजना की भी जानकारी दें, तब परिवहन विभाग ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन चॉइस सेंटर में दे उसके लिए कोई शुल्क नहीं है।

भाजपा मंडल मिरइटोला अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे ने कहा ग्रामीण एक साथ विभिन्न विभागों के कार्यों को एक ही स्थान पर कर सकते हैं यह समाधान शिविर का बड़ा लाभ है। पूर्व कांग्रेस शासन काल में आवास को रोकने के कारण आवास हेतु आवेदनों की संख्या अधिक है।

### 2277 का मामलों का हुआ निराकरण

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोचवाही में समाधान शिविर के कोचवाही कलस्टर में शामिल 07 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 2277 का संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा निराकरण सुनिश्चित किया गया। ग्राम कोचवाही में आयोजित समाधान शिविर मे ग्रामीण विकास विभाग को 1729, राजस्व विभाग को 94, लोक निर्माण विभाग को 64, पीएचई विभाग को 35, महिला एवं बाल विकास विभाग को 106, खाद्य विभाग को 133 सहित कुल 2277 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई।

ये रहे उपस्थित ▶▶| शेष पेज 10 पर

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग पीड़ित ने प्रशासन से की मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गुण्डरदेही ब्लॉक के हल्दी चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम पसौद में विगत 3 मई 2025 को तोरण लाल साहू के घर पर आग लग गई थी। घटना के वक्त काफी आंधी तूफान चल रहा था घटना के बाद जब विस्तृत तौर पर पुलिस और राजस्व विभाग द्वारा जांच की गई तो घटना का मुख्य कारण शॉट सर्किट होना पाया गया। इसकी जांच रिपोर्ट बनाकर पुलिस चौकी हल्दी प्रभारी द्वारा राजस्व विभाग को सौंप दी गई है।

साथ ही अपराध विवरण, नुकसान, तीन लोगों का कथन, घटनास्थल की फोटो वीडियो आदि भी प्रेषित की गई है। इस पूरे घटनाक्रम में पीड़ित तोरण साहू को कुल 17 लाख 62 हजार रुपए का नुकसान होना पाया गया है। तोरण लाल साहू ने शासन प्रशासन से नुकसान के बदले मुआवजे की मांग की है। ताकि वे इस परिस्थिति से उबर सके। जांच में यह पाया गया कि प्राप्ति तोरण साहू के मकान में शॉट सर्किट होने से चिंगारी छिड़कने से आग लगी। जिसके कारण मकान अंदर रखे विभिन्न सामान और वस्तुएं जल गई।

### जांच रिपोर्ट में इस तरह से नुकसान का जिक्र

घर में हुई आगजनी की इस बड़ी घटना के बाद जब राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन ने जांच की तो नुकसान का ब्यौरा सामने आया है। जिसमें घर अंदर रखे कई सामान जलकर राख हो गए हैं। जिसमें 17 लाख 62000 का नुकसान होना पाया गया है। घटना पर हल्दी चौकी में आगजनी क्रमांक 4/ 25 कायम कर जांच दौरान मौका घटना स्थल निरीक्षण कर मौका नजरी नक्शा तैयार कर नुकसानी पंचनामा तैयार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### संजय बने प्रभारी सहायक उद्यान अधिकारी



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के स्टेनोटायपिस्ट संजय शर्मा को वर्तमान दायित्व के साथ अस्थाई रुप से प्रभारी सहायक उद्यान अधिकारी बनाया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी आयुक्त राजीव पांडेय द्वारा आगामी आदेश तक दी गई है।

### पेयजल के लिए बोर खनन



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के पदुम नगर स्थित वार्ड 19 में पेयजल व्यवस्था के लिए पार्षद मनीष वर्मा ने अपने मद से बोर खनन का कार्य कराया है। पार्षद ने वार्ड के लोगों की परेशानियों को देखते हुए बोर खनन कर पेयजल से लोगों को निजात दिलाने का प्रयास किया। इस दौरान बोर खनन के मौके पर गायत्री सिंह, रीता दुबे, सरला मिश्रा, ईश्वरी साहू , माधुरी बनर्जी, पायल ठाकुर, ममता साहू, खुशबू दुबे, नीतू मिश्रा, खुशबू देवांगन, सरिता साहू, प्रभा चतुर्वेदी, समरजीत सरकार आदि मौजूद थे।

### सेल निदेशक परियोजनाओं की प्रगति से हुए रुबरु



**भिलाई।** निदेशक (तकनीकी) तथा अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी (बीएसपी ) मनीष राज गुप्ता ने अपने दिवसीय भिलाई प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को बीएसपी के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया एवं संचालन से जुड़े विविध पहलुओं की समीक्षा की। उत्पादन, परियोजनाओं की प्रगति, तकनीकी-आर्थिक निष्पादन, मानव संसाधन विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) व सुरक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-5, 6 और 8 और यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में हो रहे कार्यों को देखा। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन प्रक्रिया को देखा । कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार भी उपस्थित थे श्री गुप्ता ने अक्षय पात्र मिड-डे मील किचन के दौरे बाद जेएलएन अस्पताल में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग सामूहिक को संबोधित किया। ईडी डॉ. एम रविंद्रनाथ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बीएसपी की दल्ली राजहरा खदान समूह और रावघाट खदानों में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। इसके बाद कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक ली।

### प्रगति भवन से निकली सायकल रैली



**भिलाई।** खेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत इस्पात नगरी में बीएसपी साइकिलिंग क्लब, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब ,साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ और ओए-बीएसपी के संयुक्त तत्वावधान में लगातार 10 वें सप्ताह साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की। रैली को सुबह 7 बजे प्रगति भवन से पीके शर्मा, डायरेक्टर मां सारदा विद्यालय और अनिकेत चंद्रा, पूर्व महासचिव, ओए-राउरकेला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजनसाइकलिंग क्लब के अध्यक्ष तथा सेफी,चेयरमेन नरेंद्र कुमार बंछोर, साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष एवं ओए- बीएसपी के महासचिव परविन्दर सिंह के नेतृत्व में किया गया । सीजीएम अनुप कुमार दत्ता, सीजीएम अनूप दत्ता ने भी सहभागिता दी। इसमें दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन सदस्य प्रवीण यदु, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइकिल पोलो कोच विकास कुमार, एस वी नंदनवार, राजेन्द्र जोशी, विजय पांडेय एवं गौतम बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

# डौण्डी के तीन किसानों को समाधान शिविर में मिला किसान क्रेडिट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- ऋण सुविधा से खेती होगी अब और बेहतर

जिले के डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र में रहने वाले किसान ओकेश कुमार, सुन्हेर सिंह और केसरी बाई के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहा।

सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में इन तीनों किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया गया। इस कार्ड ने न केवल उनकी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने का रास्ता खोला, बल्कि उनके चेहरों पर एक नई उम्मीद की मुस्कान भी ला दी।

ये तीनों किसान लंबे समय से अपनी खेती को और बेहतर बनाने के लिए संसाधनों की तलाश में थे। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया था, और आज समाधान शिविर में उनके आवेदनों के निराकरण की जानककारी देकर, उन्हें यह कार्ड सौंपा गया। इस कार्ड के जरिए अब वे कृषि कार्य हेतु ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे खेती के लिए बीज, खाद, और उपकरण खरीदने में आसानी होगी। साथ ही यह कार्ड उनके लिए एक मजबूत सहारा बनेगा।

### ओकेश, सुन्हेर और केसरी बाई को मिला खेती का मजबूत सहारा



#### वरदान से कम नहीं है किसान कार्ड

किसान ओकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, यह कार्ड हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं। अब हम अपनी खेती को और बेहतर कर सकेंगे और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर पाएंगे। वहीं, सुन्हेर सिंह ने बताया कि इस कार्ड से वे नई तकनीकों को अपनाने और फसल की पैदावार बढ़ाने की दिशा में काम कर सकेंगे। केसरी बाई ने भी इस सुविधा के लिए सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे जैसे छोटे किसानों के लिए यह बहुत बड़ी मदद है।



## आयोजन : चारवाही में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञापुराण कथा

# 'साधक' अधिक से अधिक धर्म, सत्य व न्याय के मार्ग पर चलें, पापकर्म से बचें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

मानव में देवत्व एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण का उद्देश्य लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा ग्राम चारवाही में 19 से 21 मई तक पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन किया गया है।

गायत्री परिवार कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रथम दिवस मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के महिलाएं प्रज्ञागीत कीर्तन करते हुए विचार क्रांति अभियान के नारे लगाते हुए ग्राम को भ्रमण कर तालाब में वरुण जल देवता की विधिवत पूजन किया गया।

तत्पश्चात यज्ञमंच में व्यासपीठ पर आसीन संगीतमय प्रवचन करते हुए प्रज्ञापुत्र हेमंत व्यास ने कहा कि वर्तमान समय संधिकाल है, कलियुग का अंतिम चरण है। नवयुग के रूप में सतयुग का आगमन होने जा रहा है, इसलिए सभी साधकों का युगधर्म है कि अधिक से अधिक धर्म, सत्य व न्याय के मार्ग में चलने एवं अनाचार पापकर्म से बचने का प्रयास करते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाए। युग निर्माण योजना के प्रवर्तक युगऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित प्रज्ञापुराण वर्तमान समय में अनेक प्रकार की समस्याओं का समाधान कर लोगों को ध्यानस्थ किया है। अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है। हर व्यक्ति अपने गुण, कर्म, स्वभाव को ठीक कर ले तो इनसान को देवता बनने में कोई समय नहीं लगेगा। गायत्री परिवार द्वारा नैतिक, बौद्धिक एवं सामाजिक क्रांति लाने हेतु कई सूत्रीय कार्यक्रम चलाई जा रही है। पौधारोपण, नारी जागरण, नशा मुक्ति, साधना, शिक्षा, कुरीति उन्मूलन जैसे कार्य किए जा रहे है। द्वितीय एवं तृतीय दिवस प्रातः ध्यान साधना, योग व्यायाम के बाद पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न निरूशुल्क संस्कार कराये जायेंगे, शायंकालीन दीपयज्ञ होगी, जिसमें उपासना, साधना एवं आराधना का संकल्प सभी परिजनों को कराए जाएंगे एवं नवयुग के अवतरण हेतु वेदमंत्रें की आहुति दी जाएगी।





### ये हुए शामिल

आयोजन में विशेष रूप से मानसिंग साहू, टोकेश्वर साहू, राजेंद्र कुमार सिन्हा, विनोद कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, उदय साहू, ढेलूराम साहू, नरेश कुमार साहू, देवधर साहू, हुकुमचंद साहू, जगन्नाथ सोरी, धनेश साहू तेजेश्वरी साहू, पद्मिनी साहू, अनुपा साहू, दीप मलिका साहू एवं ग्रामीण शामिल हुए।

# राष्ट्रीय कवि संगम बालोद इकाई का पुनर्गठन, भरत बुलंदी बने जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बालोद का पुनर्गठन बंजारी मैया मंदिर प्रांगण जुंगेरा स्थित बटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया गया। राष्ट्रीय कवि संगम बालोद के पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित थी। संस्था के बालोद जिला संयोजक डॉ.अशोक आकाश ने राष्ट्रीय कवि संगम की साहित्यिक पृष्ठभूमि पर बात करते राष्ट्र जागरण धर्म हमारा के मूल मंत्र के साथ साहित्यिक गतिविधियों में आगे आने और समग्र साहित्य लेखन की अपील की।

पूर्व अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, पूर्व सचिव हर्षा देवांगन ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया जिसमें कवि भरत बुलंदी को बालोद जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया। हर्षा देवांगन, जयकान्त पटेल, थानूराम सिन्हा, शिवकुमार अंगारे, अमित दुबे प्रखर को उपाध्यक्ष तथा कन्हैयालाल बारले को कोषाध्यक्ष, डॉ.एसएल. गंधर्व सचिव, वीरेंद्र अजनबी संगठन सचिव एवं गजेंद्र साहू कोड़ेकसा प्रचार सचिव, मनोनीत किये गये, पूर्व अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, गजपति साहू, पुष्कर राज, देव जोशी गुलाब, तामसिंह पारकर संरक्षक नियुक्त किये गये।

देवनारायण नगरिहा, दानेश्वर सिन्हा, सन्ध्या पटेल, लालेश्वर अरुणाभ, योगेश छत्तीसगढ़िया, हरीश अष्टबन्धु एवं बालोद जिले के सभी साहित्य समितियों के सदस्य कार्यकारिणी सदस्य घोषित किये गये। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भरत बुलन्दी ने कहा कि आप सबके सहयोग से हम सब मिलकर राष्ट्र जागरण का उद्घोष करते साहित्य सृजन कर राष्ट्र सेवा में आगे आते रहेंगे। बालोद जिला संयोजक डॉ.अशोक आकाश ने आभार प्रदर्शन किया।

# समाधान शिविर का सफल आयोजन, नगर पंचायत गुरूर में जन समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- शिविर में 816 आवेदनों का त्वरित समाधान, लाभान्वित हुए सैकड़ों नागरिक

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत नगर पंचायत गुरूर में आयोजित समाधान शिविर के दोनों कलस्टर में शामिल वार्डवासी एवं ग्राम पंचायत के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शा स की य काम–काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत बालोद जिले में समाधान शिविर जिले के अलग अलग स्थानों में निरंतर आयोजित की जारी है। इसी कगम मे नगर पंचायत गुरूर के समस्त वार्ड वासी नगर पंचायत गुरूर में समाधान शिविर आयोजित किया गया।




### 816 आवेदन हुए निराकृत

नगर पंचायत गुरूर के समस्त वार्ड के लोगों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 816 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार पूरा किया गया। नगर पंचायत गुरूर में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान लोक निर्माण विभाग को 46, जल संसाधन को 44, तहसील विभाग को 324, विद्युत विभाग को 26, महिला एवं बाल विकास विभाग को 53 सहित कुल 816 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

### ये रहे उपस्थित

नगर पंचायत गुरूर के शिविर में प्रदेश भाजपा कार्यकारणी सदस्य यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, केसी पवार, पुर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहु, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# आत्मकथा लेखन में ईमानदारी जरुरी

**भिलाई।** वरिष्ठ मलयालम कथाकार केजी चंद्रशेखर पिल्लई की कृति आत्मकथा "आकाश का एक टुकड़ा" का विमोचन कार्यक्रम प्रगति नगर फेस टू में संपन्न हुआ । श्री पिल्लई ने अपनी किताब पर विचार रखे । कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा इस आत्मकथा में लेखक की परेशानियां और उनके जीवन-संघर्ष की बात है । केरल के प्रति प्रेम जागृत करती छत्तीसगढ़ को सामने लाती माता पिता के स्मरण में यह किताब पाठकों को बांध कर रखती है । कथाकार लोकबाबाबू ने कहा आत्मकथा लिखना दुस्साहस का काम है, इसमें ईमानदारी जरूरी है। साहित्यकार परदेशी राम वर्मा ने कहा लेखक प्रकृति प्रेमी है और परिवार के साथ आकाश, मछली, जीव जंतु से लेखक का अगाध प्रेम झलकता है । छग प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि लेखक पिल्लई ने आत्मकथा लेखन का जोखिम उठाया है जो सराहनीया है। डॉ. सुधीर शर्मा, सन्तोष झांझी, राम सेवक पैकरा, डॉ संजय दानी, ने भी किताब पर विचार व्यक्त किये। संचालन डॉ.नीलम गांधी ने किया।

# होटल में पानी बोतल 20 की जगह 40 में बेचा जा रहा

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी दुर्ग लोकसभा महासचिव, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश तिवारी ने बताया कि होटल अमित इंटरनेशनल सुपेला में उपभोक्ताओं को शोषण किया जा रहा है। जो भारतीय उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत एमआरपी से अधिक कीमत वसूलना अपराध की श्रेणी मे आता है। शिकायत ग्राहक विकास टंडन ने की है। शिकायत में बताया है कि 17 मई 2025 को हॉटल अमित पार्क इंटरनैशनल सुपेला में उनके परिवार को एक्वाफिना 1 लीटर की बोतल खरीदा गया। जिसने प्रिंट रेट 20 लिखा था लेकिन उसे 40 रुपए में दी गई। होटल स्टाफ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और सामान्य पानी देने से मना कर दिया । जनहित के विषय को देखते हुए उपभोक्ता विकास टंडन ने आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी है। उन्होंने दुर्ग लोकसभा महासचिव अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश तिवारी को जानकारी दी। इसे लेकर कलेक्टर को लिखिल शिकायत की गई है। होटल को जांच कर इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## पेज 9 के शेष

### तेज आंधी-तूफान से ...

पड़ा। इसी तरह जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत ओरमा मुख्यालय जाने के रोड पर तेज हवा के चलते ट्रांसफार्मर सहित विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागमन रुक गया, मंगलवार दोपहर 3 बजे के बाद काफी तेज रफ्तार से हवा तूफान में बारिश के चलते ट्रांसफार्मर गिर जाने से आम राहगीर परेशानी हुई। वहीं विद्युत सेवा भी प्रभावित हुई।

### कुसुमकसा में बिजली ...

आंधी तूफान आया तो ,हल्की सी बारिश हुई तो ,भीषण गर्मी में लाइट बंद हो जा रही है । कुसुमकसा के गौरीशंकर साहू, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, कन्हैयालाल भौसार्य सहित ग्रामीणों ने बताया की आज मंगलवार को सुबह 10 बजे से अनेकों बार बिजली बंद हुई दोपहर लगभग 2 बजे से 3.15 बजे तक बिजली बंद होने से छोटे छोटे बच्चो का गर्मी से बुरा हाल था ,छोटे बड़े सभी पशीने से तरबतर विद्युत विभाग को कोस रहे थे की 3.15 को लाइट चालू हुई व लगभग 4 बजे पुनः लाइट बंद हो गई जो समाचार लिखे जाने तक चालू नही हो पाई थी ,ग्रामीण शाम को नल से पानी का इंतजार करते रहे ,लाइट बंद होने से शाम को ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ा।

### गौरैया धाम के पास ...

उन्हें लकड़ी काटने के लिए कहां है और वही ट्रैक्टर के माध्यम से कटे हुए लकड़ी को तस्करी करता है। मिली जानकारी के अनुसार बीते एक माह से लगातार पैरी और उसके आसपास शासकीय जमीन और निजी जमीन पर प्रतिबंध लड़कियों को काटकर तस्करी कर रहा है।

### 2277 का मामलों ...

कार्यक्रम में जनपद सभापति हेमंत साहू, संध्या साहू सहित संजय साहू, अजेंद्र साहू, लीलाराम सोनबेर, भाजपा मंडल गुरुर अध्यक्ष आनंद शर्मा, भुवन साहू, बलराम गोटी, नागेश सलाम, बोहारडीह सरपंच राजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सरपंच पंचगण मंचासीन थे।

### नारागांव में घुसा ...

सूचना तुरंत वन विभाग को दें। ग्रामीण रात के समय घरों से बाहर न निकलें, पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें, वन्यजीव दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग या पुलिस को सूचित करें, वन विभाग के अनुसार, गर्मियों में पानी और भोजन की कमी के चलते जंगली जानवर अक्सर आबादी वाले क्षेत्रें की ओर रुख करते हैं। ऐसे में सतर्कता और सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।

# युवा मोर्चा ने सड़क, पानी, बिजली से जुड़ी समस्याओं का कराया ध्यानाकर्षण



**भिलाई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कैंप 1 वार्ड 30 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी मांगपत्र सौंपा। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भिलाई शहर की विभिन्न समस्याओं में ध्यान आकर्षण कराया गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में वार्डो की छोटी से छोटी समस्यायों का निराकरण शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। सरकार ने डेढ़ साल में गांव-गांव में 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए हैं। अब तक 3 लाख से अधिक आवास और स्वीकृत हो चुके हैं। युवा मोर्चा ने सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, हॉस्पिटल, पट्टा, भूमि अधिकार , पोल लगाने, बारिश के पूर्व नाले नली की सफाई जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया। इस अवसर पर अमर सोनकर, पार्षद सत्यदेवी जायसवाल, जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, पार्षद शैलेजा, पार्षद प्रियंका भोला साहू, पार्षद लक्ष्मी दिवाकर, राजकुमार जायसवाल, भोला साहू, धर्मेंद्र दिवाकर, धनराजू, रमेश चौधरी, राहुल झा, जयंत शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक निवास पर हुआ कार्यक्रम, मुस्लिम समाज को किया आमंत्रित

# भाजपा भिलाई तीन मंडल में वक्फ संशोधन बिल पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई तीन स्थित विधायक निवास में वक्फ संशोधन बिल को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के मुस्लिम समाज के वरिष्ठ और सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का उद्देश्य वक्फ संशोधन विधेयक से जुड़े भ्रांतियों को दूर करना, समाज में भाईचारे को मजबूत करना,अल्पसंख्यक समाज को सरकार की मंशा से अवगत कराना रहा। इस दौरान अध्यक्षता अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने किया। वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त संदीप शर्मा, भाजपा कार्यकरणीय सदस्य शिरीष अग्रवाल मौजूद थे। वक्ताओं ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक की वास्तविक भावना को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह संशोधन समाज के भीतर व्याप्त भेदभाव, भ्रांतियों और मतभेदों को समाप्त करने के लिए किया गया है। यह विधेयक न केवल वक्फ संपत्तियों के पारदर्शी संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह अल्पसंख्यक समाज, विशेषकर आर्थिक रूप से पिछड़े मुस्लिम वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि समाज में व्याप्त अफवाहों और ग़लत धारणाओं को दूर करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हिंदू-मुस्लिम समाज के बीच सौहार्द बना रहे और एकजुटता से राष्ट्र निर्माण में योगदान हो सके।



### ये भी मौजूद रहे

भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, भाजपा महामंत्री बिजेंद्र सिंह, प्रेमलाल साहू, भिलाई-3 मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हामिद अहमद, मोर्चा जिला अध्यक्ष शमीम अहमद, मदरसा बोर्ड के सदस्य तौहीद खान,भिलाई-3 मस्जिद अध्यक्ष रुस्तम खान , रइस अहमद, जी एम हुसैन, हबीब खान, मकसूद खान, इमरान खान, काफिलुद्दीन, उमर अली, अबुल हसन, हामिद खान, वक्फ मंडल समिति सदस्य अनवर अली, बालमुकुंद वर्मा, आरिफ खान, मौलाना कौने नरजा, अयान शाह, अदीब शाह, टी रमना, फिरोज खान, हाजी निसार खान, हाजी लुकमान समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन में होगा कल

**गुण्डरदेही।** सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन 22 मई को नगर पंचायत गुण्डरदेही के जनपद रोड स्थित सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाना है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि जिन्होंने भी सुशासन तिहार के माध्यम से आवेदन किया था। वे सभी आकर अपने आवेदन का निराकरण करा सकते हैं, यहां सभी सरकारी विभागों का 22 स्टॉल लगेगा। जिसने सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। यह समाधान शिविर सुबह 10 बजे से 3 बजे तक होगी।

### नाली में डिस्पोजल देख भड़की मेयर

**दुर्ग।** कसारीडीह गुरुघासीदास वार्ड 44 में नाली साफ-सफाई को लेकर मेयर अलका बाघमार ने अमला के संग निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने कसारीडीह से लगी हुई गुरुघासी दास वार्ड बस्तियों के गलियों व सड़कों में पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वार्ड 44 क्षेत्र के कसारीडीह चौक में अगल-बगल कुछ दुकानदारों द्वारा नालियों पर अवैध अतिक्रमण कर रखा गया है, जिसके कारण नाली सफाई नहीं हो पा रही है। जिसे हटाने के निर्देश दिए। कसारीडीह गुरुघासीदास वार्ड के नाली में डिस्पोजल देखकर सुपरवाइजर पर भड़की कहा कहीं भी नालियों में दोबारा डिस्पोजल नजर नहीं आना चाहिए। अवैध रूप से निगम की जमीन पर बिल्डिंग मटैरियल रख कर मकान निर्माण करने वाले सहित बिल्डिंग मटेरियल व्यापार करने वाले व्यापारियों का गुमस्ता एवं ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### संस्कार यात्रा में बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**भिलाई।** रमेश चंद्र फाउंडेशन द्वारा 15 दिवसीय संस्कार यात्रा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर कसरीडीह में किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मंत्रोच्चार एवं संस्कार गीत, आत्मरक्षा, संगीत(ढोलक, तबला, हारमोनियम), मेहंदी, सिलाई एवं बच्चों द्वारा महाभारत की झांकी जैसी विविध कलाओं का सुंदर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षु बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। वहीं कार्यक्रम में अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

### फिर से कब्जा करने पर कूलर, चेयर और त्रिपाल को भी किया जब्त

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट में सडक किनारे कपडा दुकान लगाने वाले व्यापारियों पर एक बार फिर से निगम प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई। पटेल चौक से लेकर इंदिरा मार्केट तक दुकान लगाने वाले कपडा व्यापारियों पर सक्ती की गई। इस दौरान अमले ने कूलर, चेयर और त्रिपाल तक जब्त कर लिया। जिससे व्यापारियों में हडकंप की स्थिति निर्मित रही। बाजार व अतिक्रमण विभाग टीम ने मेयर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर बाजार क्षेत्र पटवा लाइन, कपड़ा लाइन, पांच कंदील, कुनवा चौक में अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार भी जारी रहा।

---

**आयोजन**

**श्रीसाधुमार्गी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी ने दीक्षार्थी बहनों का किया सम्मान**

# दीक्षार्थी बहनें नेहा और साक्षी ने ली आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की शपथ







हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा

नगर के कृषि उपज मंडी में मंगलवार को दीक्षार्थी बहनें नेहा डोसी व साक्षी भन्साली तथा वीर परिवार का अभिनन्दन समारोह रखा गया।सर्वप्रथम संघ समाज के पदाधिकारियों ने ससम्मान मुमुक्षु बहनों व उनके परिजनों को मंच पर विराजमान कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीसाधुमार्गी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी ने कहा कि बड़े ही पुन्यवानी से दो मुमुक्षु बहनों के अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला है।संघ समाज की बड़ी अनन्त पुन्यवानी व सौभाग्यशाली है कि आचार्य व उपाध्याय प्रवर का परम सानिध्य हमें मिला।डौंडीलोहारा नगर की धरा भी बड़ी ही पुण्यशाली है कि धर्म के क्षेत्र में सबसे आगे है।

■ मुमुक्षु बहनें नेहा और साक्षी को आशीर्वाद देने के लिए नगरवासियों का उमड़ा हुजूम

मुमुक्षु बहने संयम के दुष्कर मार्ग पर चलने का जो कार्य किया है व सफलता के सोपान पर निरंतर आगे बढ़े। अभिनंदन समारोह में विशेष रूप से उपस्थित क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि दीक्षार्थी बहनें नेहा व साक्षी को नमन है। वीर परिवार अपने दिल के टुकड़े को जिनशासन में समर्पित कर रहे हैं। इस निर्णय के लिए पूरे परिवार को साधुवाद। विशिष्ट अतिथि साधुमार्गी संघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश बच्छावत बीकानेर ने वीर परिवार व मुमुक्षु बहनें जो वीर मार्ग पर चल रहे हैं उनका अभिनंदन करते हुए चार जून को दीक्षा के लिए बीकानेर आने का निमंत्रण दिया।नगर के वीर भ्राता अनिल चोपड़ा ने कहा कि क्षेत्र परिवार समाज व नगर की असीम पुन्यवानी है कि इस नगर से वीतरागता की ओर निरन्तर कदम बढ़ रहे है।नेहा व साक्षी के वीर मार्ग की अनुमोदना करते हुए संयम जीवन की शुभकामनाएं दी। वीर भाई सौरभ डोसी ने कहा कि मुमुक्षु बहनों की दीक्षा के प्रसंग उपस्थित हुए हैं यह गुरुदेव व उपाध्यक्ष प्रवर का अतिशय है।जैन धर्म में संयम का मार्ग बड़ा ही कठिन है परन्तु नगर की वीर बहनों ने आत्मकल्याण के लिए यह कठिन मार्ग चुना है।बचपन की खट्टे मीठे अनुभव को बताया।उनके बीच के नोक झोंक व स्नेह को मार्मिक रूप से रखा। उन्होंने बताया कि बहने दृढ़ निश्चय त्याग में अग्रणी थी। समीक्षा आदि साथियों ने गीत की प्रस्तुति दी। मुमुक्षु नेहा डोसी ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता पिता भाई व अन्य परिजनों व संघ समाज के उपकार को बताते हुए कहा कि इन्होंने हमेशा ही धर्ममय शिक्षा दी जिसके फलस्वरूप आज संयम के मार्ग पर आगे बढ़ रही हूं। पिता तो प्रत्यक्ष उपस्थित नही है पर उनका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ है।माता ने मुझे संयम मार्ग पर आगे बढ़ाया।जिनशासन के मार्ग पर चलना सिखाया। उन्होंने परिजनों से कहा कि धर्म के मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़ना है।परिजनों ने हमेशा धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ाया उनका उपकार कभी भी भुलाया नही जा सकता है।मनुष्य भव को सार्थक बनाना है इसलिए संयम का मार्ग चुना है। नेहा ने अपने वैराग्य के बारे में कहा कि साधु संतों का निरन्तर सानिध्य मिला व विहार सेवा के दौरान देखने मे आया कि मार्ग में वाहनों से कुचले हुए जीवो की हिंसा को देखते हुए मन द्रवित हुआ।अंदर में चिन्तन की धारा चली कि मनुष्य भव को सार्थक करना है मन में दृढ़ विचार पल्लवित हुआ गुरुदेव का आशीर्वाद मिला व परिवार का साथ मिला व इस मार्ग पर आगे बढ़ रही हूं।जाने अनजाने गलतियों की क्षमायाचना की। मुमुक्षु बहन साक्षी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य भगवन व उपाध्यक्ष प्रवर ने जब हमें परख लिया उन्होंने जान लिया कि हम इस मार्ग में आगे बढ़ने लायक है तब मन मे कुछ भी संशय नही रहा।त्याग से ही सब सम्भव है।त्याग के जीवन में आनंद ही आनन्द है।

साक्षी भन्साली ने आगे कहा कि इस संयम के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए माता पिता भाई बहन आदि घर परिवार संघ समाज के उपकारों को बताते हुए संयम जीवन के लिए आशीर्वाद मांगा।

दोनों दीक्षार्थी बहनों ने जाने अनजाने मे हुई गलतियों के लिए संघ समाज व पारिवारिक जनों से क्षमायाचना भी की व चार जून को बीकानेर में आयोजित दीक्षा महोत्सव के लिए संघ समाज व सभी लोगो को उपस्थित होकर आशीर्वाद देने भाव भरा निमंत्रण भी दिया।संघ अध्यक्ष ताराचंद लोढा, सचिव नरेंद्र लूंकड़, फूलचंद डोसी, गौतम सांखला, हस्तीमल सांखला, अनिल लोढा, मोनाली ओस्तवाल, संदेश टाटिया, विजय भन्साली, मदनलाल कटारिया, मणिलाल गोटा, इंदरचंद लोढा, गंभीर मल सांखला, गौतम पारख,अमरचंद बाफना, राजू सांखला, मदनलाल पारख, महेश नाहटा, मनोहर नाहटा,नप अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, देवलाल ठाकुर चिमन देशमुख, प्रकाश देशलहरा, प्रणेश बाफना जसराज शर्मा, आदि उपस्थित अतिथियों का कुमकुम तिलक हार से स्वागत अभिनंदन किया गया।

वर्धमान स्थानकवासी संघ, जैन श्रीसघ, साधुमार्गी संघ व बाहर से आए हुए संघ समाज के द्वारा मुमुक्षु बहनों व वीर परिवार के सदस्यों का मोमेंटो, हार,कुमकुम,तिलक आदि से स्वागत अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अर्चना महिला मंडल के द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति के साथ की गई।समता महिला मंडल के द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई।महेश नाहटा ने कहा कि पांच इंद्रियों व चार कषायों को जीतना ही दीक्षा है।इन्होंने दोनों मुमुक्षुओं का परिचय पटल पर रखा।दिनेश लोढा ने कहा कि नगर की 13 बेटी व 1 बेटा कुल 14 लोग जिनशासन में समर्पित है चार जून के बाद यह संख्या 16 की हो जाएगी।महावीर महिला मंडल ने मुमुक्षु बहन के स्वागत हेतु दीक्षा अभिनंदन गीत की प्रस्तुति दी।युक्ति बरमेचा सिकोसा ने वीतराग मार्ग पर बढ़ने वाले मुमुक्षुओं व वीर माता पिता व जिनशासन की महिमा का बखान अपनर सुमधुर गीतिका के साथ किया। महक बोथरा स्वीटी बोथरा सूरत ने सुंदर गीत की प्रस्तुति दी।कृषि उपज मंडी के अधिकारी गाइले का सम्मान किया गया।





**धार्मिक जयघोषों वातावरण हुआ प्रभुमय**


शोभायात्रा में दोनों ही मुमुक्षु बहनें भव्य रथ सदृश बग्घी में अपने परिजनों के साथ सवार थी। मुख पर मुख वस्त्रिका व आकर्षक वेशभूषा से सुसज्जित मुमुक्षु बहने नगरवासियों का अभिवादन कर रही थी व अभिवादन स्वीकार कर रही थी व जाने अनजाने में हुई गलतियों की क्षमायाचना भी कर रही थी। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर लोग हाथ जोड़कर व नम आँखों से दीक्षार्थियों के अभिनंदन कर रहे थे। शोभायात्रा के दौरान बालक व बालिका मंडल के सदस्यों ने भक्ति गीत व विभिन्न धार्मिक जयघोषों जैसे संयम जीवन सार है बाकी सब बेकार है, राम गुरु विराट है दीक्षाओ का ठाठ है आदि नारो से पूरे वातावरण को राममय बना दिया था। शोभायात्रा के दौरान संघ समाज के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर शीतल जल, शरबत, ठंडा, मेवा, चाकलेट आदि की व्यवस्था रखी थी।कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से लोग उपस्थित हुए थे।

---

# शिक्षा विभाग की टेंडर प्रक्रिया सवालों के घेरे में, पारदर्शिता पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद







जिले मे शिक्षा विभाग द्वारा जारी पॉलीकार्बोनेट डोम शेड निर्माण कार्य की निविदा विवादों के घेरे मे आ गया है। टेंडर किस समाचार पत्र मे प्रकाशित किया गया स्पष्ट नही है, अब विभाग मामले मे चर्चा से बच रहा है। बालोद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के कन्नेवाड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्थापित होने वाले प्री मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर में डोम शेड निर्माण के लिए निविदा जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा टेंडर क्रय करने की तिथि 19 मई को शाम 4 बजे तक रखी गइ है, जिसे जमा करने की अवधि 20 मई को सुबह 11 बजे तक रखी गई है। भरा हुआ टेंडर पंजीकृत डॉक से भेजना है। बड़ा सवाल है कि जब काई ठेकेदार 19 मई को शाम 4 बजे तक निविदा फार्म लेगा तो वह उसे कैसे पंजीकृत डाक से दुसरे दिन 20 मई को 11 बजे तक भेज सकेगा। क्योंकि 19 मई को फार्म लेदे के बाद ठेकेदार दुसरे दिन 20 मई को डाक मे डालेगा जो 2 बजे तक निकलेगा अर्थात टेंडर पंजीकृत डॉक से 2 बजे के बाद ही पहुंचेगा। दुसरी ओर निविदा मे पारदर्शिता का भी अभाव दिख रहा है, निविदा की लागत क्या है, यह भी निविदा मे स्पष्ट नही है।

■ निविदा प्रक्रिया में जल्दबाजी और गोपनीयता का खेल, पूर्व पार्षद व भाजपा नेताओं ने उठाए सवाल

**निविदा प्रणाली एवं वित्तीय नियमों का उल्लंघन:** जानकारों का कहना है कि यह निविदा प्रणाली एवं वित्तीय नियमों का उल्लंघन है। निविदा के लिये अल्पकालिक सूचना देने का तात्पर्य है कि निविदा दाताओं को उनकी तकनीकी एवं वित्तीय निविदाओं को तैयार करने एवं मूल्यांकन हेतु पर्याप्त समय नहीं दिया जाना। जिसने निविदा प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा को सीमित कर दिया है। इतने कम समय में कोई भी अपनी निविदा का प्रति उत्तर तैयार करने एवं जमा करने की स्थिति में नहीं हो सकता। इससे अधिकारी की मंशा पर सवालिया निशान लग रहे है।

### चहेतों को किया जा रहा लाभान्वितः पूर्व पार्षद

पूर्व पार्षद व पुर्व भाजपा मंडल महामंत्री नीतेश वर्मा ने कहा यह अपने चहेतों को लाभान्वित करने के लिए किया गया है, यह वस्तु भंडार एव विक्रय अधिनियम का उल्लंघन है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा स्वाधीन जैन का कहना है कि प्रदेश में भाजपा की पारदर्शी सरकार है। अगर कोई अधिकारी भ्रष्टाचार करता है तो उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निविदा प्रपत्र जारी करने और जमा करने के लिए जो अति अल्प समय निर्धारित किया गया है, उसकी पड़ताल करने के बाद इसकी शिकायत मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से की जाएगी।

### सोसायटियों में ताला भटकते रहे किसान

**दुर्ग।** जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन सोसायटियां सोमवार को बंद रही। सोसायटी कर्मचारी अपने विभिन्न मांगों को लेकर राजधानी हडताल पर चेले गए थे। इस एकदिवसीय प्रदर्शन के चलते जिलेभर के सोसायटियों में ताला लगा रहा, वही किसान खाद व बीज के लिए भटकते रहे।

धान खरीदी के शुरूआती दौर में सोसायटी कर्मचारियों ने हडताल किया था। करीब ग्यारह दिनों तक चले आंदोलन के बीच सहमति बनने पर कर्मचारी लौट गए थे। लेकिन वर्तमान में धान का उठाव नही होने से सूखत का ठीकर सोसायटी प्रबंधकों पर मढने से वे आक्रोशित हो गए है। उन्होने ऐसे प्रकरण में किए गए एफआईआर को शून्य कराने की मांग की है। वहीं मप्र की तरह कर्मचारियों को वेतनमान व ग्रेज्युटी, महंगाई भत्ता, पेंशन, भविष्य निधि, समितियों को तीन-तीन लाख रूपए हर वर्ष अनुदान की मांग की है। वहीं सेवा नियम 2018 की संसोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने व पचास प्रतिशत प्रबंधक कैडर की भर्ती और वर्ष 2023-24 और 2024-25 में सूखत को मान्य किए जाने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल और वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की हैं।

# आपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाला जवान डाकेश्वर पहुंचा गृहग्राम, जमकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुण्डरदेही



**सुरक्षा कवच की तरह करती है रक्षाः** विधायक ने कहा कि हमारी भारतीय सेना हमारे सुरक्षा कवच की तरह हमारी रक्षा करती है। हमारे देश के सैनिक हमारी सुरक्षा के लिए अपनी जान देने से भी पीछे नही हटते। उन्होंने कहा कि हमारे देश की सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, वह दर्शाता है कि जब तक हमारी सेना हमारी सुरक्षा कर रही है तब तक कोई हमारे देश का बाल भी बांका नही कर सकता।

पंजाब बॉर्डर पर सेवा में तैनात ऑपरेशन सिंदूर के हिस्सा बने देश के बीएसएफ जवान डाकेश्वर दीवान के अपने पैतृक ग्राम कादुल पहुंचने पर गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने फूलमाला से स्वागत सम्मान किया।

■ सेना ने आतंकी ठिकानों को नष्ट कर वीरता और अदम्य साहस का परिचय दिया : विधायक

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बहन सोफिया कुरैशी कर्नल और एयरफोर्स विंग कमांडर बहन व्योमिका सिंह को सैल्यूट दोनों जांबाज वीर बहादुर महिलाओं को जिन्होंने इस युद्ध की घड़ी में अदम्य साहस का परिचय दिया। देश के लिए लड़ी भारतीय सेना ने आतंकवादियों के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर अपनी वीरता और अदम्य साहस का परिचय दिया है। जिन आतंकवादियों ने इस देश की बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उन आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर उन्हें बता दिया है कि हमारे देश की बेटियों के सिंदूर की कीमत क्या होती है।

### कुरदी मे ग्रामीणों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**बालोद।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पुरे भारत मे भारतीय सेना के समर्थन करने तिरंगा यात्रा निकाली जा रहा है, जिसके तहत ग्राम पंचायत कुरदी मे ग्रामवासियों के साथ मिलकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, ग्रामीणों के साथ पंचायत ने कहा हम भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़े है।

---

**2199 समस्याओं का त्वरित समाधान, हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ**

# सुशासन तिहार-सुरडोंगर समाधान शिविर से जनता को मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

सुशासन तिहार के तीसरे के अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सुरडोंगर मे समाधान शिविर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम–काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल मैदान सुरडोंगर में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम सुरडोंगर के अलावा ग्राम लिमउडीह, चिहरो, आमाडूला, मथेना, काड़े, कुंवागोंदी, मरदेल के निवासी शामिल हुए। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा आम जनता की वास्तविक जरूरतों के अलावा उनके मांगों एवं समस्याओं का पड़ताल कर समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने हेतु राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। राज्य सरकार के द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं सुशासन के अवधारणा को समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुँचाने का कारगर एवं सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

■ शिविर में 8 ग्राम पंचायतों के नागरिक हुए लाभान्वित

सुरडोंगर कलस्टर में शामिल 08 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 2199 आवेदनों का निराकरण किया गया। हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योनजाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया। सुरडोंगर में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के पहले चरण के दौरान सुरडोंगर कलस्टर के अंतर्गत कृषि विभाग को 70, समाज कल्याण विभाग को 25, खाद्य विभाग को 24, विद्युत विभाग को 95, जनपद पंचायत डौण्डी को 990, परिवहन विभाग को 135, शिक्षा विभाग को 179, महिला एवं बाल विकास विभाग को 194 एवं श्रम विभाग को 103 सहित कुल 2199 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई।

### सुशासन तिहारः डौण्डीलोहारा और गुण्डरदेही ब्लॉक में समाधान शिविर लगेंगे आज

बालोद । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बुधवार 21 मई 2025 को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली के शासकीय हाई स्कूल मैदान एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी टिकरी के ग्राम पंचायत भवन के समीप समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि समाधान शिविर में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली में ग्राम संबलपुर (लो), सेम्हरडीह, बिजौरा, कोचेरा, कोबा, खैरा, खपरी, रेंगनी, खरथुली, चिल्हाटीकला, बड़गांव, भेडी (लो), धनगांव, कसही (लो), सिवनी, बटेरा, भरदा (लो), बैहाकुंआ, कोरगुड़ा, गैंजी के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी टिकरी के समाधान शिविर में ग्राम चंदनबिरही, चिचलगोंदी, रौना, कान्दूल, अर्जुनी टिकरी, बोरगहन, अ. परसतराई, परना, रेहची, खर्रा, कोटगांव, सनौद के निवासी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा।

■ दो समाधान शिविरों में 30 से ज्यादा ग्रामों के निवासियों को मिलेगा लाभ

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम गुरूर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शकुन आई पति पृथ्वीराम जाति तेली साकिन गुरूर द्वारा ग्राम गुरूर प.ह.नं. 21 तहसील गुरूर स्थित भूमि ख.नं. 36/3 रकबा 0.02 हे. की भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उक्त भूमि पूर्णतः साफ वो सुरक्षित है। उक्त भूमि से संबंधित ऋणपुस्तिका का भाग 01 एवं 02 कहीं गुम हो गया है, जिसे सभी संभावित स्थान पर तलाश किया गया, लेकिन नहीं मिला और न ही मिलने की संभावना है। आवेदिका डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु खाता बी-वन, थाना रिपोर्ट की छायाप्रति, नोड्यूज, चालान की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 26/05/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(मुहर)

तहसीलदार
गुरूर, जिला-बालोद

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर को दिया रक्तदान शिविर में आने का न्यौता

**कुसुमकसा।** योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा के नेतृत्व में सरपंचगण बालोद जिलाधीश से मिलकर भाजपा मंडल कुसुमकसा व सरपंचगणों के द्वारा 23 मई को आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में आने का न्यौता दिया ,आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारत देश की सेना पर गर्व महसूस करते भाजपा मंडल कुसुमकसा में 23 मई को विशाल रक्तदान शिविर ग्राम पंचायत कुसुमकसा में सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया गया है, सभी रक्तवीरों को यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट दिया जाना है। इस अवसर पर श्री मति वेद बाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, हलधर सिंह गोरे सरपंच अरमुरकसा, यश राणा सरपंच चिपरा ,कवल सिंह कुलियारा सरपंच गिधाली चित्र सिंह सरपंच भैसबोड उपस्थित थे।

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कलंगपुर में विधायक डोंगरगाव पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण दलेश्वर साहू के मद से दस लाख की राशि स्वीकृत किया गया था। यह राशि से पूर्व विधायक स्व.घनाराम साहू के स्मृति में साहू सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया था। जिसका भूमिपूजन स्व. घनाराम साहू की धर्मपत्नि चन्द्रकुमारी साहू द्वारा किया गया। भूमि पूजन वरिष्ठ समाजसेवी जिला साहू समाज दुर्ग ठाकुर राम साहू के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ, इस अवसर पर प्रमुख रूप से सतीश साहू, पुष्पा सिन्हा सरपंच, गोविंद सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष कुशल राम साहू, केके कटेन्द्र, लता साहू, ज्ञानेश्वर साहू, नारायण चंदन, डीलेश्वर साहू, केशव महाराज, भुनेश्वरी कुल्हारे उपसरपंच शत्रुघ्न महतो, छगन महतो, द्वारिका सिन्हा, कल्याण साहू, प्रमोद साहू समस्त पंच गण सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### गोवा टूर, गोल्ड क्वाइन और जमीन के नाम पर 70 लाख रुपए की ठगी

**भिलाई।** गोवा टूर, गोल्ड क्वाइन और जमीन का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले युवक को ससुराल से पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि भिलाई तीन निवासी सुषमा सिंहने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2022 में एक डिजायर ताज वेकेशन के नाम से सूर्या ट्रेजर आईलैन्ड में ऑफिस खोला गया था। जहां डिजायर ताज वेकेशन के डायरेक्टर पिंदू सोनेकर ने लोगों को प्रलोभन देकर ठगी की है।



# सिंगल यूज़ प्लास्टिक से निजात पाने कोड़िया में चला प्लास्टिक मुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़िया में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने के लिए एक व्यापक प्रयास ग्राम पंचायत कोड़िया सरपंच खुमान निषाद द्वारा किया गया। यह अभियान प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन को बेहतर बनाने और लोगों में प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। इस अभियान के मुख्य उद्देश्य एक वर्ष में ग्राम कोड़िया प्लास्टिक मुक्त हो।

- सालभर में गांव को प्लास्टिक मुक्त करना है उद्देश्य
- अभियान के चलते प्लास्टिक के दुष्प्रभावों का होगा निदान

प्लास्टिक के उपयोग को कम करना सिंगल यूज़ प्लास्टिक (जैसे, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक कप, प्लास्टिक प्लेट) के उपयोग को कम करने को प्रोत्साहित करना। प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करना और प्लास्टिक मुक्त जीवन के लिए प्रोत्साहित करना है और समस्त ग्रामवासी को प्लास्टिक मुक्त करना है।

## सरपंच खुमान निषाद के नेतृत्व में चल रहा बड़ा अभियान



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोजगार सहायक किरण भारद्वाज, मितानिन भुनेश्वरी निषाद, लक्ष्मी भारद्वाज, दमयंती साहू, मेट प्रमिला साहू, तृप्ति यादव,त्रिशला निषाद और आदित्य भारद्वाज, जामिनी साहू,वाणी साहू, सोम्या निषाद, खुशबू निषाद, डॉली साहू व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के सम्मान में नगर पालिका ने किया आयोजन

# भारत माता की जय के नारों से गूंजा दल्ली राजहरा, निकली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में नगर के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, व्यापारी, नगरवासी और सफाई मित्र समूह की महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।

यात्रा की शुरुआत नगर पालिका परिसर से हुई, जो जैन भवन चौक, बस स्टैंड चौक और गुप्ता चौक होते हुए पुनः नगर पालिका परिषद पहुंचकर एक समारोह में परिवर्तित हो गई। यात्रा के मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण गुंजायमान रहा, वहीं देशभक्ति गीतों ने देशप्रेम की भावना को और प्रगाढ़ किया।



### सेना ने बढ़ाया देश का गौरवः नपाध्यक्ष

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि हमारी सेना ने आतंकवादियों को करारा जवाब देकर देश का गौरव बढ़ाया है। ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई, बल्कि दुनिया को यह संदेश भी दिया कि भारत अपनी एकता और अखंडता के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा किए गए कायराना हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हमारी सेना को प्रधानमंत्री द्वारा दी गई खुली छूट का परिणाम है यह साहसिक कार्य। तिरंगा यात्रा में नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू, नगर के पार्षदगण, भूतपूर्व सैनिक, नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

**नगर पंचायत चिखलाकसा में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन :** चिखलाकसा। नगर पंचायत चिखलाकसा क्षेत्र में एकता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक होते हुए अटल चौक के आगे मथुरा नगर तक निकाली गई। इस गौरवपूर्ण यात्रा का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन और उपाध्यक्ष राजू रावटे द्वारा किया गया। यात्रा में नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी सहित जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### ये हुए शामिल

तिरंगा यात्रा में पार्षद बंसत जैन, भिखी मसिया, विमला जैन, खेदू सिंह गौतम, सुनीता गुप्ता, लल्लू राम टेकाम, हेमकुंवर तारम, शांतनु मेश्राम, ताराचंद पाथोड़े, बंसत कोरेटी, नूतन दास, संध्या शर्मा, संतोष झा, लीला डड़सेना तथा पूर्व पार्षद विजय डड़सेना और जी. आर. सोरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। नगर पंचायत के उप अभियंता राकेश कुमार पाठक, सभी अधिकारी-कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां, स्व सहायता समूह की महिलाएं और स्थानीय नागरिक भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। राष्ट्रध्वज के सम्मान में निकली यह यात्रा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रही और पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना रहा।

# माहेश्वरी नवमी पर गुरूर में लगेगा हेल्थ चेकअप शिविर 72 प्रकार के होंगे टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के मार्गदर्शन मे माहेश्वरी समाज द्वारा अपनी उत्पत्ती दिवस माहेश्वरी नवमी, अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाई जाएगी। इस पावन अवसर को और अधिक सार्थक बनाने हेतु प्रदेश संगठन के स्वास्थ प्रकोष्ट द्वारा प्रयोगशाला के सहयोग से सम्पूर्ण स्वास्थ परीक्षण शिविर का विशेष आयोजन पूरे प्रदेश भर मे 4 जून को एक साथ किया जा रहा है।



इस संदर्भ मे माहेश्वरी समाज गुरूर द्वारा 4 जून को प्रातः 7 से 10 बजे तक फुल बॉडी हेल्थ चेकअप कैप रखा गया है। जिसमे 72 प्रकार के टेस्ट किये जाएंगे। जिला माहेश्वरी सभा सांस्कृतिक प्रमुख हरीश टुवानी ने बताया कि समाजजनो के स्वस्थ जीवन व समय पर बीमारी का पता लगाने व समय पर उसका इलाज सुनिश्चित करने यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होने समाज जनों से अधिक संख्या मे पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

**स्वास्थ की जांच हेतु प्रेरित करना है उद्देश्य :** समाज के प्रमुख पदाधिकारियो ने इस संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के प्रत्येक सदस्य को समय रहते अपने स्वास्थ की जांच हेतु प्रेरित करना है, जिससे सभी दीर्घायु, स्वास्थ एवं सक्रिय जीवन जी सके। समाज की ओर से सभी स्थानीय संगठनो से अनुरोध किया गया है कि वे अपने अपने क्षेत्रे मे इस शिविर का आयोजन सुनिश्चित करे। यह शिविर थायरो केयर के माध्यम से होगा जिनके प्रतिनिधि प्रत्येक संगठन मे जाकर ब्लड और यूरिन सैपल लेंगे।

यह टेस्ट खाली पेट ही होंगे। शिपिर की विस्तृत जानकारी के लिए गुलाबचंद टावरी, हरीश टुवानी, अभिशेक टुवानी से संपर्क किया जा सकता है। जिसमे अध्यक्ष धमतरी जिला माहेश्वरी सभा किशन सारडा, सभा अध्यक्ष माहेश्वरी समाज गुरूर गुलाब टावरी, सचिव माहेश्वरी समाज गुरूर स्वरूप राठी, अध्यक्ष माहेश्वरी महिला मंडल मजू टावरी, सचिव माहेश्वरी महिला मंडल ममता टावरी, अध्यक्ष माहेश्वरी युवा मंडल धीरज माहेश्वरी, सचिव माहेश्वरी युवा मंडल प्रखर टावरी उपस्थित रहेगे।

# बालोद जैन श्रीसंघ ने सेवाभावी संस्था उदयाचल नेत्रालय का किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था उदयाचल के 57 वे वार्षिक सम्मेलन में सेवाभावना हेतू उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बालोद जैन श्रीसंघ का सम्मानपत्र देकर अभिनंदन किया गया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बताया कि उदयाचल नेत्रालय राजनांदगांव के वरिष्ठों ने अब बालोद में भी नेत्रालय खोलने अपनी सहमति दी है, जहां पर सभी वर्ग समुदाय के लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं गरीब वर्ग के लोगों को निःशुल्क चश्मा एवं दवा का वितरण भी किया जाएगा। इसकी अनुमति उन्होंने दी है, हम जल्द ही स्थान उपलब्ध कराकर इस सेवा से बालोद अंचल के लोगो की सेवा में एक नया सोपान तय करेंगे। वहीं जिन लोगो के आंखों के ऑपरेशन की आवश्यकता होगी उन्हें भी निःशुल्क ऑपरेशन हेतु राजनांदगांव में भेजा जाएगा, जहां उनका इलाज भी निःशुल्क होगा।

- उदयाचल के 57वें वार्षिक सम्मेलन में श्रीसंघ ने दिया सम्मानपत्र
- उदयाचल प्रबंधन ने बालोद में भी नेत्रालय खोलने की दी अनुमति
- जहां गरीब वर्ग के लोगों की होगी निशुल्क नेत्र जांच, नि:शुल्क चश्मा एवं दवा का होगा वितरण

### ये रहे मौजूद

उक्त अवसर पर जैन श्रीसंघ के सचिव मांगीलाल ढ़ेलडिया, हरीश सांखला, रूपचंद गोलछा, चेतन ढ़ेलडिया, मुकेश भंसाली, प्रदीप चोरडिया, प्रकाश भंसाली, संजय ढ़ेलडिया, लक्की लोढा, शुभम

## गौ ग्राम यात्रा में कृषि विशेषज्ञ संजय चौधरी ने गोमूत्र और गोबर के लाभ बताए

# गौ रथ यात्रा के दौरान गौ पालन के लाभों पर विस्तृत चर्चा, 7 ग्रामों में हुई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

श्री कृष्ण गोपाल गौशाला चूल्हापथरा द्वारा बीते 13 मई से प्रारंभ गौ ग्राम जन जागरण यात्र का पहला चरण 19 मई को समाप्त हो गया। 7 दिनों की यात्र के दौरान गौ रथ विकासखण्ड के 62 ग्रामों में पहुंची, इस दौरान 7 ग्रामों में महाआरती की गई वहीं 36 ग्रामों में संगोष्ठी आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल के मार्गदर्शन में गौ माता के संरक्षण, संवर्धन, घरों से निकाली जा रही गौ माता को घरों में स्थापित करन, गोपालन को प्रोत्साहित करने, गौ आधारित कृषि को स्थापित करने के उद्देश्य से श्री कृष्ण गोपाल गौशाला चूल्हापथरा द्वारा सात दिवसीय जन जागरण यात्र का आयोजन किया गया। पीआर साहू ने कहा गौ माता की घटती संख्या से संस्कार, धर्म, परिवार, समाज सभी पर संकट आ जाएगा, बच्चे कुपोषित होने लगेंगे, प्रत्येक घर में गोपालन अनिवार्य होना चाहिए। वरिष्ठ कृषक भाजपा नेता तोरण लाल ने कहा गाय हमारी माता है, यह मात्र एक स्लोगन बंद कर रह गया है, गाय के प्रति हम असहिष्णु हो गए हैं, आज सबसे अधिक अपेक्षित गौ माता हो गई है, लोगों के घरों में कुत्तों के लिए स्थान है, लेकिन गौ माता के लिए जगह नहीं है, कार्यक्रम में ग्राम के श्रेष्ठ गौ सेवक शीशुपाल शांडिल्य, रामकुमार शांडिल्य, गायत्री सिन्हा को गोपाल पलक सम्मान दिया गया। साथ ही गौशाला प्रमुख भागवत राम साहू, ओमप्रकाश टुवानी, विकास प्रजापति, अंगद मांडवी, पुनारद साहु, वेदांत साहू, गोवेंद्र नाथ योगी सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

- 7 दिनों में 62 ग्रामों को किया जागरूक, गोपालन की आवश्यकता पर दिया बल





### गौ आधारित खेती पर दी गई जानकारी

यात्रा के दौरान गौ पालन के लाभ, आने वाली पीढ़ी को दूध दही घी नहीं मिलने से होने वाले दुष्परिणाम, रासायनिक खेती से हो रही हानि, जैविक व गौ आधारित खेती से होने वाले लाभ की विस्तार से जानकारी दी गई। यात्रा का समापन ग्राम अरकार मे किया गया। समापन समारोह में मुख्य रूप से सहकार भारती के जिला प्रमुख व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष लखन लाल गुरुपंच, कृषि विशेषज्ञ एवं जैविक खेती के क्षेत्र में दर्जनों पुरस्कार प्राप्त कृषि पंडित संजय चौधरी, ग्राम पंचायत अरकार सरपंच व भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, पूर्व शिक्षक पीआर साहू उपसरपंच मनोज ठाकुर वक्ता के रूप में मंचासीन थे।

### जन्म से लेकर मृत्यु तक गाय की पड़ती है आवश्यकता : चौधरी

लखनलाल गुरुपंच ने कहा घटती गौवंश चिंता का विषय है, लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए, तंदुरुस्त, मजबूत, कुशाग्र बच्चों के लिए, धर्म की रक्षा के लिए, वातावरण को शुद्ध रखने के लिए, भूमि, वायु, पानी को शुद्ध रखने के लिए, शुद्ध पौष्टिक अनाज के लिए, जमीन को बंजर होने से बचने के लिए हमें गोपालन करना जरूरी है। एक गए हमें एक सांथ कई लाभ देती है। संजय चौधरी ने कहा जन्म से लेकर मृत्यु तक गाय की आवश्यकता पड़ती है, गोबर गोमूत्र में शक्ति है इससे कृषि पुष्ट होती है, गोबर गोमूत्र के कितने प्रकार के तत्व होते हैं इसकी जानकारी संजय चौधरी ने दी। उन्होने कहा देसी गाय के गोबर, गोमूत्र जो तत्व है वह ब्रह्मांड में किसी भी जीव के तत्वों में नहीं है। उन्होंने बताया कि विदेशों में हिंदुस्तान की गौवंशों की मांग बढ़ी है और हम उसे अपने से दूर कर रहे हैं। संजय चौधरी ने कहा जीवन को सुधारने के लिए खेती को मजबूत करने के लिए गोपालन करें।

### महिला को जड़ा थप्पड़ , भाई के सिर पर बियर की बॉटल फोड़ी, केस

**भिलाई।** महिला के गाल पर थप्पड़ जड़कर उसके भाई के सिर पर बियर का बॉटल फोड़कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सत्यम चौक, रुआबांधा बस्ती निवासी कौशल्या साहू ने शिकायत किया है कि 18 मई को घर के बाहर खड़ी बाइक सीजी 07 सीडी 1203 को सीजी 07 सीएम 4939 में सवार होकर पहुंचे युवकों ने ठोकर मार दी। घटना की आवाज सुनकर महिला घर के बाहर निकलने पर तीनों युवकों को वाहन ठीक से चलाने की हिदायत दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू

# भीषण गर्मी के बीच भी जारी है ताम्रध्वज साहू का जन सम्पर्क दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी पड़ रही है, तापमान 43 डिग्री के पार है। लेकिन पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जनसेवा में लगे हुए हैं। अपनी सादगी और सरलता के लिए पहचाने जाने वाले दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भीषण गर्मी में भी अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहलई, कोटनी, बेलोदी, मालुद, नगपुरा, बोरई, दमोदा, खुर्शीडीह, खुरशुल एवं गनियारी में जन सम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनके कार्यकाल में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की यथास्थिति की जानकारी ले रहे हैं और लोगों की मदद कर रहे हैं।



जनसंपर्क के दौरान पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस संघठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी से नए लोगों को जोड़ें। वहीं दूसरी ओर दौरे में जनसंपर्क के दौरान विधानसभा वासियों ने लगातार अलग अलग समस्याओं जैसे पीने का पानी नियमति नहीं मिलना, मनरेगा कार्य बंद होना, पुलिस थाना में कार्यवाही नहीं होना, अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, जर्ज़र पानी टंकी , किसानों को खाद नहीं मिलना,महिला समूहों को काम नहीं मिलना,अवैध शारब गांव गांव में बिकना, युवाओं को रोजगार नहीं मिलाना, बिजली कटौती जैसे कई मूल भूत सुविधाओं की भारी कमी से उन्हें अवगत कराया है, जिसे सुनकर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इनके निराकरण हेतु विभाग के अधिकारियों को बात करने का आश्वासन दिया है।

**ये रहे मौजूद :**इस अवसर पर अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य राजेन्द्र ठाकुर, जनपद सदस्य मिलनतीन ठाकुर, भारत निषाद, कृष्णा देवांगन, सरपंच कोटनी राम सिँह निषाद, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ मुकुंद पारकर, रोहित साहू, गैलेन्द्र साहू, भगवानी, पारकर, ताम्रध्वज सिन्हा, रविंद्र सिन्हा, रोहित साहू, कैलाश सिन्हा, मिथलेश, सरपंच दमोदा गायत्री साहू, दुष्यन्त देशमुख, बोरई पंच इंद्राणी यादव, संगीता ठाकुर, नम्मू सिन्हा, गोपाल साहू, खुर्सीडीह सरपंच गायत्री साहू, गणपत जांगड़े, धनुष साहू, उपसरपंच मिथलेश देशमुख, रोहित साहू सहित ग्रामीण जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

